दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास



### मारपीट मामले के 3 फरार वारंटियों को कोतरारोड़ पुलिस ने किया कोर्ट पेश

**रायगढ़।** थाना प्रभारी कोतरारोड़ उप निरीक्षक गिरधारी साव के नेतृत्व में आज कोतरारोड़ पुलिस थाना में दर्ज मारपीट मुकदमे के सिलसिले में फरार चल रहे तीन वारंटियों को दबिश देकर उनके मोहल्ले से गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया है। न्यायालय पेश किये गये वारंटी (1) प्रताप विश्वकर्मा पिता योगेश्वर विश्वकर्मा उम्र 20 साल (2) प्रदीप विश्वकर्मा पिता योगेश्वर विश्वकर्मा उम्र 18 साल दोनों निवासी कृष्णापुर इंदिरा आवास थाना कोतरारोड़ (3) विशाल भगत उर्फ धीरज पिता दिलीप भगत निवासी बनियापुर जिला छपरा बिहार हाल मुकाम कृष्णापुर इंदिरा आवास कोतरारोड़ पर वर्ष 2020 में थाना कोतरारोड़ में मारपीट का मुकदमा दर्ज कर चालान न्यायालय पेश किया गया था। तीनों वारंटी के खिलाफ अदालत की ओर से न्यायालय में पेश नहीं होने पर वारंट जारी किया गया था जो कोतरारोड़ थाने को प्राप्त हुआ था। आज सुबह कोतरारोड़ पुलिस ने तीनों वारंटियों को मुखबिर से मिली सूचना के बाद कृष्णपुर बस्ती में दबिश देते हुए तीनों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया, जहां से न्यायालय पेश किया गया है।

### जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का समापन समारोह आज

**रायगढ़।** जिला स्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक 2022 का समापन समारोह उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल के मुख्य आतिथ्य में 25 नवम्बर 2022 को रायगढ़ स्टेडियम में होगा। कार्यक्रम में लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह सिदार अध्यक्षता करेंगे एवं रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर जानकी काटजू एवं सभापति नगर निगम जयंत ठेठवार विशिष्ट अतिथि होंगे। जिला स्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक 2022 का समापन समारोह दोपहर 2 बजे से होगा।

### थल सेना भर्ती (अग्निवीर) रैली हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सह मार्गदर्शन 28 नवम्बर को

**रायगढ़।** आगामी 01 से 13 दिसम्बर 2022 तक जिला-दुर्ग में थल सेना भर्ती (अग्निवीर) रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदकों को भूतपूर्व सैनिक एवं व्यायाम प्रशिक्षकों के माध्यम से एक दिवसीय प्रशिक्षण सह मार्गदर्शन का आयोजन 28 नवम्बर 2022 दिन-सोमवार को प्रात: 8 बजे से स्थान-रायगढ़ स्टेडियम में किया जाएगा। इच्छुक आवेदक उक्त तिथि को नियत समय पर अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रशिक्षण सह मार्गदर्शन का लाभ उठा सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के वारिसान को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** तहसील लैलूंगा के साकिन चौरंगा, सियारपारा निवासी राजकुमार की 9 सितम्बर 2022 को स्थान बकालो में सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ द्वारा अतिरिक्त तहसीलदार कापू से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर मृतक के विधिक वारिसान उसकी पत्नी जयावती चौहान को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गयी है।

# छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में पुसौर एवं लैलूंगा का रहा दबदबा





**रायगढ़।** जिला स्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक का आयोजन रायगढ़ स्टेडियम में किया जा रहा है। जिसके तहत आज दूसरे दिन 18 से अधिक 40 आयु वर्ग महिला-पुरूष के विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। आज कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल एवं सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा उपस्थित रहे। जिसमें महिला एवं पुरूषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए। जिसमें 100 मीटर दौड़ में पुरूष वर्ग में प्रथम-खरसिया विकासखंड के रविन्द्र कुमार, नगर निगम के नीरज पटेल-द्वितीय एवं विकासखंड पुसौर के गणेश्वर बारिक तृतीय रहे। इसी प्रकार महिला वर्ग में तमनार विकास खंड की मानसी-प्रथम, द्वितीय-विकासखंड लैलूंगा की लोकेश्वरी सिदार एवं तृतीय स्थान पर विकासखंड पुसौर की प्रेमलता सिदार रही। गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में विकासखंड पुसौर के संजीव पटेल-प्रथम, द्वितीय स्थान में विकासखंड रायगढ़ के अशोक कुमार, तृतीय स्थान में विकास खंड धरमजयगढ़ के उन्नति सिंह रहे। महिला वर्ग में प्रथम स्थान में विकासखंड घरघोड़ा की मीनू राठिया, द्वितीय स्थान में विकास खंड तमनार की धनकुंवर सिदार, तृतीय स्थान पर विकास खंड पुसौर की आरती यादव रही। लगड़ी दौड़ प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान पर घरघोड़ा विकासखंड के विकास, विमल भगत, द्वितीय स्थान पर विकास खंड पुसौर के योगेश एवं सुरवीर रहे। महिला वर्ग में प्रथम-घरघोड़ा विकासखंड की सुनीता यादव, कान्ता यादव, द्वितीय स्थान पर धरमजयगढ़ विकास खंड के भवानी राठिया एवं रत्ना रही। लंबी कूद प्रतियोगिता में प्रथम विकासखंड खरसिया के तलेश कुमार, द्वितीय-खरसिया विकासखंड के गणेश्वर बारिक एवं तृतीय स्थान पर धरमजयगढ़ विकासखंड के अंकित लकड़ा रहे। इसी प्रकार महिला वर्ग में लैंलूगा विकासखंड की शशिकिरण टोप्पो-प्रथम, द्वितीय स्थान पर विकासखंड पुसौर की मनीषा सिदार एवं तृतीय स्थान पर विकासखंड रायगढ़ के मीणा सिदार रही। बिल्लस प्रतियोगिता में प्रथम पुसौर विकासखंड के सनी चौहान, द्वितीय-तमनार विकासखंड के सुरेश, तृतीय स्थान पर विकासखंड घरघोड़ा के विकास एक्का रहे। महिला वर्ग में प्रथम लैलूंगा विकासखंड की अनिता नाग, द्वितीय घरघोड़ा विकास की रेवती चौहान एवं तृतीय स्थान पर विकासखंड खरसिया की भारती रही। फुगड़ी प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में प्रथम लैलूगा विकासखंड के कौशल नायक, द्वितीय रायगढ़ विकासखंड के अशोक कुमार एवं तृतीय विकास खंड पुसौर के रोशन चौहान रहे। महिला वर्ग में प्रथम पुसौर विकासखंड की उर्मिला सारथी, द्वितीय-लैंलूगा विकासखंड की फगनी बसोड़ एवं तृतीय विकासखंड तमनार की उतरा रही।

भौंरा प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में प्रथम-विकासखंड घरघोड़ा के बोदेराम साव, द्वितीय-खरसिया विकासखंड के जयदेव एवं विकासखंड तमनार के भवानी तृतीय रहे। महिला वर्ग में प्रथम विकासखंड लैंलूगा की राजकुमारी खलखो, द्वितीय-विकासखंड पुसौर की दीपिका सिदार एवं तृतीय विकासखंड रायगढ़ की सुनीता मांझी रही। बांटी प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में प्रथम रायगढ़ विकासखंड, द्वितीय-तमनार विकास खंड एवं महिला वर्ग में धरमजयगढ़ विकासखंड-प्रथम तथा द्वितीय-खरसिया विकासखंड रहा। गिल्ली डंडा प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में प्रथम-खरसिया विकासखंड, द्वितीय-नगर पंचायत तथा महिला वर्ग में विकासखंड लैंलूगा-प्रथम, द्वितीय-तमनार विकासखंड रहा। पिट्ठुल प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में विकासखंड लैंलूगा-प्रथम, द्वितीय स्थान में विकासखंड पुसौर रहा। इसी प्रकार महिला वर्ग में विकासखंड लैंलूगा-प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर धरमजयगढ़ रहा। संकली प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में विकासखंड लैलूंगा प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर विकासखंड पुसौर को मिला। इसी प्रकार महिला वर्ग में विकासखंड लैलूंगा प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर विकासखंड पुसौर रहा। रस्साकसी प्रतियोगिता में विकासखंड लैलूंगा-प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर विकासखंड तमनार रहा। इसी प्रकार महिला वर्ग में लैलूंगा विकासखंड प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर तमनार विकासखंड रहा। कबड्डी प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में घरघोड़ा विकासखंड-प्रथम एवं द्वितीय-नगर निगम रहा। इसी प्रकार महिला वर्ग में नगर निगम-प्रथम एवं द्वितीय स्थान में विकासखंड घरघोड़ा रहा। खो-खो प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में पुसौर प्रथम एवं द्वितीय स्थान में घरघोड़ा रहा इसी प्रकार महिला वर्ग में विकासखंड पुसौर प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर घरघोड़ा विकासखंड रहा।

## एट्रोसिटी एक्ट, बलवा के अपराध में विधि के साथ संघर्षरत बालक समेत 6 आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** पुलिस चौकी जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत चमड़ा गोदाम स्कूल के पीछे रहने वाले युवक द्वारा 13 सितम्बर 2022 को पुलिस चौकी जूटमिल में उसके मोहल्ले के 3 व्यक्ति पर गणेश विसर्जन के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर झगड़ा मारपीट कर जातिगत गाली गलौज किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। मामले में जूटमिल पुलिस द्वारा आरोपियों के विरूद्ध मारपीट का अपराध दर्ज कर विवेचना दरमियान पीड़ित का मुलाहिजा कराकर पीड़ित तथा गवाहों के बयान लिये गये। पीड़ित युवक विशेष वर्ग का सदस्य होना पाये जाने पर उसके जाति संबंधी दस्तावेज आदि की जब्ती कर प्रकरण में एट्रोसिटी एक्ट की धाराएं विस्तारित कर मामले की अग्रिम जांच कार्यवाही के लिए अपराध डायरी नगर पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिनव उपाध्याय के सुपुर्द किया गया।

विवेचना दरमियान आज नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय द्वारा घटना के बाद से फरार आरोपियों को जूटमिल क्षेत्र में देखे जाने की मुखबिर सूचना पर जूटमिल चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल एवं जूटमिल स्टाफ के साथ आरोपियों की पतासाजी कर मारपीट में शामिल 6 आरोपियों को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसमें एक किशोर बालक है। प्रकरण में आरोपियों द्वारा एक राय होकर बलवा कारित करना पाये जाने पर बलावा की धारा जोड़कर आरोपी जोतराम यादव (उम्र 58 वर्ष), मोहन यादव (57 वर्ष), दीपक यादव, राज चौहान, योगेश यादव सभी निवासी आदर्श नगर चमड़ा गोदाम चौकी जूटमिल एवं विधि के साथ संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर आरोपियों के मेमोरेंडम पर एक लोहे का पाइप और बांस के डंडा जब्त कर आरोपियों को सक्षम न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## बड़े भाई की इनोवा और ट्रेक्टर लेकर छोटा भाई ने किया विश्वासघात

❑ चौकी जूटमिल में आरोपी पर अमानत में खयानत का अपराध पंजीबद्ध

❑ जूटमिल पुलिस ने आरोपी के घर से जब्त की दोनों वाहन, आरोपी को गिरफ्तार कर किया गया कोर्ट में पेश

रायगढ़। जूटमिल पुलिस द्वारा आज अमानत में खयानत के दर्ज अपराध की जांच विवेचना कार्यवाही में आरोपित के घर दबिश देकर पीड़ित के इनोवा वाहन एवं ट्रेक्टर को विधिवत पंचनामा कार्यवाही कर जप्त कर पुलिस चौकी लाया गया तथा आरोपी को उसके सगे भाई के साथ खयानत (धारा 407 आईपीसी) के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



जानकारी के मुताबिक कल दिनांक 23.11.2022 को पुलिस चौकी जूटमिल रायगढ में ग्राम कुम्हारी थाना कोसीर जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ निवासी निरंजन कुमार चन्द्रा पिता स्व. बालाराम चन्द्रा उम्र 41 वर्ष आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वर्ष 2015 में एक पुराना इनोवा कार क्रमांक ओ.आर. 23 बी- 6668 को शिव कुमार साहू निवासी बरदुला सारंगढ से खरीदा था जिसका नाम ट्रांसफर हो गया है। इसी तरह वर्ष 2014-2015 में राम कुमार कर्ष निवासी सुलोनी सारंगढ से एक पुराना ट्रेक्टर क्रमांक सी.जी. 13 डी. 4168 व ट्राली क्रमांक सी.जी. 13 डी. 4169 खरीदा था, जिसका स्टाम्प पेपर में नोटरीसुदा लिखा-पढ़ी किया था। वाहन खरीदी के समय छोटा भाई प्रवीण चन्द्रा निवासी अमलीभौना जूटमिल रायगढ़ का बोला कि दोनों वाहन को चलाने के लिए दे-दे जो भी कमाई होगा अपना खर्च काटकर आपको दुंगा। तब अपने भाई प्रवीण चन्द्रा के बातों में आकर दोनों वाहन को करीब 10-11 माह पूर्व से चलाने को दिया था। प्रवीण चन्द्रा के द्वारा आज तक मुझे कोई पैसे नहीं दिया और वाहनों को वापस मांगने पर वापस नहीं कर रहा है। रिपोर्टकर्ता के आवेदन पर आरोपी प्रवीण चन्द्रा के विरूद्ध धारा 407 आईपीसी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल द्वारा पीड़ित निरंजन कुमार चन्द्रा का विस्तृत बयान लिया गया जिसमें उसके छोटे भाई प्रवीण चन्द्रा को पूर्व में भी झगड़ा मारपीट करना बताया जिसकी रिपोर्ट थाने में हुई है तथा इसके वाहन को नहीं देकर गाली गलौच, झगड़ा करता है, बताया। चौकी प्रभारी वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर हमराह स्टाफ के साथ आरोपी की पतासाजी विवेचना कार्यवाही में अमलीभौना, जूटमिल आरोपी के घर दबिश दिये। आरोपी घर अंदर छिपा हुआ था, घर में मौजूद लोगों पुलिस का सहयोग नहीं कर रहे थे। चौकी प्रभारी कमल किशोर पटेल विवेकपूर्ण तरीके से कार्रवाई कर आरोपी प्रवीण कुमार चन्द्रा पिता स्व. बालाराम चन्द्रा उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम कुम्हारी थाना कोसीर जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ हाल मुकाम अमलीभौना, जूटमिल को हिरासत में लिया गया तथा उसके घर से इनोवा वाहन एवं ट्रेक्टर मय टाली जप्ती की कार्रवाई कर चौकी लाया गया। आरोपी को अमानत में खयानत के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया है।

## रेलवे लाईन में लगे चेक रेल ब्रैकेट की चोरी करने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार

❑ आरोपी से 4 रेल ब्रैकेट जब्त कर खरसिया पुलिस ने भेजा रिमांड पर

**रायगढ़।** थाना खरसिया क्षेत्र अंनतर्गत ग्राम कुनकुनी मुडानारा रेलवे लाईन के बीच रेल लाइन में लगे चेक रेल ब्रैकेट की चोरी करने वाले आरोपी को आज खरसिया पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर चोरी के अपराध में रिमांड पर भेजा गया है।



कल थाना खरसिया में जिला सक्ती के डभरा थानाक्षेत्र स्थित डी.बी. पावर बाड़ादरहा के मुख्य सुरक्षा अधिकारी मनोज उपाध्याय द्वारा रेल लाइन में लगे चेक रेल ब्रैकेट की चोरी के संबंध में प्रथम सूचना पत्र दर्ज कराया कि दिनांक 20 /11/22 के सुबह 7:30 बजे करीब एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा ग्राम कुनकुनी के रेल लाइन में लगे चेक रेल ब्रैकेट को चोरी कर भाग रहा था जिसे गार्ड प्रेम लाल राठिया द्वारा पकड़ने का प्रयास किया गया लेकिन पकड़ नहीं पाया। सुरक्षा अधिकारी मनोज उपाध्याय के रिपोर्ट पर धारा 379 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान संदिग्ध के हुलिए को लेकर मुखबिर सूचना के आधार पर संदेही खीर मोहन पटेल उर्फ गिरजा निवासी रजघटा के घर दबिश देकर हिरासत में लिया गया, पूछताछ पर संदेही रेल ब्रैकेट चोरी करना स्वीकार किया जिसके मेमोरेंडम के आधार पर रेल लाइन से चोरी किए गए 4 नग लोहे के चेक रेल ब्रैकेट कीमती 3,000 रूपये व घटना में इस्तेमाल बोल्ट खोलने वाला पाना को जप्त किया गया है। आरोपी खीरमोहन पटेल उर्फ उर्फ गिरजा पिता सुशांतो पटेल उम्र 23 वर्ष निवासी रजघटा के विरूद्ध पर्याप्त अपराध सबूत पाए जाने से आरोपी खीर मोहन पटेल उर्फ गिरजा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी खरसिया के निर्देशन पर कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण राठौर , आरक्षक राजेश राठौर , सत्यनारायण सिदार, हीरामणि पाटले की विशेष भूमिका रही है।

### मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत जिले की कार्ययोजना हेतु हितग्राहियों के चयन के लिए विकासखण्डवार होंगे शिविर

**रायगढ़।** वित्तीय वर्ष 2022-23 में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत जिले की वार्षिक कार्ययोजना एवं लक्ष्य की प्राप्ति हेतु हितग्राहियों के चयन के लिए आगामी दिसम्बर माह में शिविर का आयोजन किया जाएगा। संबंधित विभाग प्रमुख विभागीय लक्ष्य की पूर्ति के लिए शिविर में उपस्थित होकर कोर्स के अनुसार हितग्राहियों का चयन एवं काउंसिलिंग की कार्यवाही पूर्ण करें तथा प्रगति से इस कार्यालय को अवगत करावे ताकि इच्छुक हितग्राहियों को शीघ्रताशीघ्र प्रशिक्षण दिया जा सके। आगामी दिसम्बर माह में विकासखण्डवार जिन तिथियों में शिविर आयोजित किए जायेंगे। इनमें 5 दिसम्बर को जनपद पंचायत बरमकेला, 6 दिसम्बर को जनपद पंचायत घरघोड़ा, 7 दिसम्बर को जनपद पंचायत खरसिया, 8 दिसम्बर को जनपद पंचायत लैलूंगा, 9 दिसम्बर को जनपद पंचायत पुसौर, 12 दिसम्बर को जनपद पंचायत सारंगढ़, 13 दिसम्बर को जनपद पंचायत तमनार, 14 दिसम्बर को जनपद पंचायत धरमजयगढ़ तथा 15 दिसम्बर 2022 को जनपद पंचायत रायगढ़ में शिविर आयोजित होंगे।

## सलासर प्लांट से 28 लाख रुपए का बिलेट लेकर निकली दो वाहन नहीं पहुंची गंतव्य तक

❑ ट्रांसपोर्ट के मैनेजर के आवेदन पर थाना पूंजीपथरा में जुर्म दर्ज

**रायगढ़।** दिनांक 23.11.2022 को थाना पूंजीपथरा में ग्लोबल रोड कैरियर, तराईमाल के मैनेजर भीष्मप्रताप सिंह ठाकुर ऊर्फ पिंकू पिता दिनेश सिंह ठाकुर उम्र 34 वर्ष साकिन रामसागर पारा मकान नंबर 78 वार्ड नंबर 31 थाना सिटी कोतवाली धमतरी जिला धमतरी हाल मुकाम तराईमाल पंचू कोलोनी थाना पूंजीपथरा रायगढ़ द्वारा अपने ट्रांसपोर्ट के दो वाहन चालक पर "अमानत में खयानत" का अपराध करने का आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

ट्रांसपोर्ट के मैनेजर भीष्मप्रताप सिंह ठाकुर बताया कि इनके ट्रांसपोर्ट ग्लोबल रोड कैरियर तराईमाल के माध्यम से सलासर स्टील एण्ड पवर लिमिटेड गेरवानी रायगढ़ से दिनांक 16.11.2022 के शाम वाहन क्रमांक UP 25 CT 3439 का चालाक राहुल कुमार एवं वाहन क्रमांक JH 02 AT 4094 का चालक दिनेश सिंह प्लांट से बिलेट क्रमश: 25.840 टन और 30.090 टन दोनों गाडी का माल का कीमत 28,84,086 रूपये को लेकर मां महामाया एलायस प्रा.लि. चुनार जिला मिर्जापुर उ.प्र. के लिये रवाना हुए किन्तु दोनों वाहन वहां नहीं पहुंचे हैं। दोनों ड्रायवर और वाहन मालिकों का मोबाईल नंबर बंद आ रहा है। ये मिलीभगत कर माल का गंतव्य स्थान पर नहीं पहुंचाकर अमानत में खयानत किये हैं। थाना पूंजीपथरा में दोनों वाहन चालक के विरूद्ध अमानत में खयानत का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन पर पुलिस टीम आरोपियों की पतासाजी के लिए रवाना हुई है।

## रायगढ़ में किसान मना रहे पैरादान उत्सव : लैलूंगा के बनेकेला में किसानों ने गाजे-बाजे के साथ गौठान पहुंच किया 12 ट्रैक्टर पैरादान

❑ दूसरे किसानों से भी किया अपील, पैरा जलाने के बजाय गौठानों में करें दान

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पैरादान की अपील पर रायगढ़ के किसान भी अपनी सहभागिता दर्ज करा रहे हैं। किसानों ने पैरादान के महत्व को समझते हुए इसे एक उत्सव में तब्दील कर लिया है। रायगढ़ जिले के लैलूंगा विकासखंड के केराबहर पंचायत के बनेकेला गोठान में किसान आज गाजे-बाजे के साथ गौठान पहुंचे और गोवंश के चारे की व्यवस्था के लिए पैरादान किया। किसानों ने यहां 12 ट्रैक्टर पैरादान किया।



उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पिछले दिनों किसानों से धान कटाई मिसाई के पश्चात शेष पैरा को दान करने की अपील प्रदेश के किसानों से की थी। उन्होंने पैरादान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा था कि पैरादान से न केवल इसे जलाने वाले प्रदूषण से बचाव होगा, बल्कि बारिश में पशुधन के लिए चारे की भी व्यवस्था हो सकेगी। उनके अपील के साथ जिला प्रशासन के प्रयासों से किसान भी पैरादान के लिए सामने आ रहे हैं। कलेक्टर रानू साहू के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी किसानों को पैरादान के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसी क्रम में लैलूंगा विकासखंड के केराबहार पंचायत के बनेकेला गौठान में आज किसान 12 ट्रैक्टर में पैरा लेकर गाजे-बाजे के साथ पहुंचकर दान किया। किसानों ने इस मौके पर दूसरे किसानों से भी अपील की है कि खेत में पैरा जलाने के नुकसान को समझते हुए इसे गौठान में दान करें।

## राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड बनाए जाने हेतु शिविर 25 से 27 नवम्बर तक

❑ जिला न्यायालय रायगढ़ परिसर स्थित लीगल डिफेंस कौंसिल सिस्टम कार्यालय में बनाया जाएगा यह कार्ड

**रायगढ़।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायगढ़ के निर्देशानुसार जिला न्यायालय स्थापना के समस्त न्यायिक अधिकारीगण, न्यायिक कर्मचारीगण, अधिवक्तागण एवं न्यायालय में आने वाले पक्षकारों/आमजनों हेतु 25 से 27 नवम्बर 2022 तक जिला न्यायालय रायगढ़ परिसर स्थित लीगल डिफेंस कौंसिल सिस्टम कार्यालय में प्रात:10.30 बजे से सायं 4.00 बजे तक प्रशासन के सहयोग एवं समन्वय से ए.पी.एल. राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया है।



जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना बीपीएल कार्ड धारकों के साथ-साथ एपीएल कार्ड धारकों के लिए अच्छी योजना है। सरकार द्वारा यह योजना समस्त ऐसे लोगों लाभान्वित करने हेतु लागू की गयी है, किन्तु जानकारी के अभाव में लोग इसका कार्ड नहीं बनवा पा रहें हैं। विधिक सेवा प्राधिकरण ऐसे लोगों को जागरूक कर ऐसी योजनाओं का लाभ दिलाये जाने का कार्य करती है। अत: समस्त न्यायिक अधिकारियों, न्यायिक कर्मचारियों, सभी अधिवक्ताओं तथा उनके परिवारजनों एवं न्यायालय में आने वाले पक्षकारों/आमजनों से निवेदन है कि उक्त शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठावे तथा अपना एवं अपने परिवार का राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनवाकर लाभान्वित हों। इस हेतु लाभार्थियों से न्यूनतम निर्धारित शुल्क ही लिया जावेगा। उक्त शिविर का मुख्य उद्देश्य हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। समस्त हितग्राही उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु निम्न दस्तावेजों के साथ शिविर के दौरान उपस्थित होकर उक्त शिविर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इनमें राशन कार्ड बनाये जाने हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड,मतदाता परिचय पत्र लाना होगा। इसी तरह आधार कार्ड हेतु आवश्यक दस्तावेज जन्म तिथि संबंधी दस्तावेज, पेन कार्ड, निवास संबंधी दस्तावेज तथा आयुष्मान कार्ड हेतु आवश्यक दस्तावेज में राशन कार्ड, आधार कार्ड साथ में लाना होगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480